कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) : दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

तीस हजारी न्यायालय परिसर, दिल्ली से दिन-प्रतिदिन की सफाई व स्वच्छता कार्यों के फलस्वरूप प्राप्त होने वाले बेकार कागज़/सामग्री (रद्दी) की खरीद के लिए इच्छुक पक्षों/ठेकेदारों से उनकी दरें प्रस्तुत करने हेतु सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। तीस हजारी न्यायालय परिसर, दिल्ली से दिन-प्रतिदिन की सफाई व स्वच्छता कार्यों के फलस्वरूप प्राप्त होने वाले बेकार कागज़/सामग्री (रद्दी) की खरीद के लिए मासिक दर प्रस्तुत करते हुए निविदाएँ दिनांक 27/11/2015 को सांय 4:30 बजे तक देखरेख अनुभाग, कमरा संख्या 305, तीस हजारी न्यायालय में भेजी जानी चाहियें। आवेदकों को अपनी निविदाओं के साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय), दिल्ली के नाम पर 1500/- रु. (मात्र पन्द्रह सौ रुपए) (प्रत्यर्पणीय) का एक डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर संलग्न करना होगा, इसके अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में नियम व शर्तें तथा कोई अन्य जानकारी, देखरेख अनुभाग, कमरा संख्या 305, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली से प्राप्त की जा सकती है और कार्यालय की वेबसाइट www.delhicourts.nic.in पर भी देखी/जाँची जा सकती है। सीलबंद निविदाएँ दिनांक 28/11/2015 को सांय 4 बजे कमरा संख्या 336 का चैंबर, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली में खोली जाएँगी।

(अतुल कुमार गर्ग)
अध्यक्ष, निरीकरण बोर्ड,
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय),
दिल्ली